# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
## खण्ड कार्यालय, उ0 प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मुरादाबाद

आशियाना फेस –1, निकट पानी की टंकी, मुरादाबाद–244001
☎(0591) 3511043 ✉ee11_upjn_mbd@yahoo.co.in

**पत्रांक** **2115/दै0 समाचार पत्र/34** **दिनांक 28.07.2026**

सेवा में

जिलाधिकारी,
मुरादाबाद।

**विषय –** **दैनिक समाचार पत्र एवं ई–पेपर अमर उजाला में दिनांक 28.07.2026 को प्रकाशित खबर शीर्षक ''सड़कों की मरम्मत न होने पर भाकियू का प्रदर्शन'' के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक दैनिक समाचार पत्र एवं ई–पेपर अमर उजाला में दिनांक 28.07.2026 को प्रकाशित खबर शीर्षक **''सड़कों की मरम्मत न होने पर भाकियू का प्रदर्शन''** जल जीवन मिशन के तहत पाइप लाइन बिछाने के लिए सड़कों की खोदाई होने से बढ़ी समस्या, लोगों में नाराजगी की अनुपालन आख्या निम्नानुसार है।

| क्र0स0 | प्रकाशित खबर | अनुपालन आख्या |
|---|---|---|
| 1 | बिलारी। क्षेत्र के किसानों की विभिन्न मांगों को लेकर भाकियू टिकैत के कार्यकर्ताओं ने सोमवार दोपहर तहसील में एसडीएम कार्यालय पर धरना दिया। लगभग पांच घंटे तक धरना चलने के बाद एसडीएम और सीओ के आश्वासन पर खत्म कर दिया गया।<br>अधिकारियों से वार्ता के दौरान कई मांगों पर सहमति बन गई जबकि विद्युत संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए मंगलवार को दोबारा एसडीएम की मौजूदगी में एसडीओ विद्युत से वार्ता की जाएगी।<br>सप्ताह भर पहले भाकियू टिकैत की ओर से एसडीएम को किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर ज्ञापन दिया गया था। ज्ञापन में **जलजीवन मिशन के तहत गांवों की आबादी में खोदी सड़कें ठीक कराने**, बिलारी चीनी मिल पर बकाया गन्ना मूल्य का शीघ्र भुगतान कराने, निजी सहायक रखकर किसानों का शोषण करने वाले लेखपालों के खिलाफ कार्रवाई किए जाने, एसडीओ विद्युत सहसपुर के रवैये में सुधार लाए जाने, नियमों का उल्लंघन करने वाली औद्योगिक इकाइयों के खिलाफ कार्रवाई किए जाने आदि मांगें की गई थीं।<br>निर्धारित समय तक ज्ञापन में उठाई मांगों पर कोई कार्रवाई न होने से नाराज भाकियू टिकैत के अनेक कार्यकर्ता सोमवार दोपहर तहसील में एसडीएम कार्यालय पर पहुंचे और दरी बिछाकर धरना शुरू कर दिया। धरनास्थल पर किसानों ने कई संबंधित विभागों के अधिकारियों पर किसानों की समस्याओं का समाधान करने के प्रति लापरवाही का आरोप लगाते हुए नारेबाजी कर प्रदर्शन किया।<br>सोमवार शाम लगभग पांच बजे एसडीएम प्रिंस वर्मा, सीओ अशोक कुमार सिंह और थाना प्रभारी उदय प्रताप सिंह धरनास्थल पर किसानों से वार्ता करने पहुंचे। वार्ता में अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि सहकारी संस्थाओं से किसानों को खाद मिलने के लिए संबंधित मशीनें चालू करा दी गई हैं।<br>खतौनी में कृषि भूमि अंश निर्धारण संबंधी सभी शिकायतों का सप्ताहभर में निस्तारण करा दिया जाएगा। बिलारी चीनी मिल के अधिकारियों को निर्देश दे दिए गए हैं कि बकाया गन्ना मूल्य का शीघ्र किसानों को भुगतान कर दिया जाए। वार्ता में विद्युत विभाग के सहसपुर और बिलारी के एसडीओ न पहुंचने की वजह से उनसे वार्ता के लिए मंगलवार की दोपहर का समय तय कर दिया गया। | प्रकाशित खबर में जल जीवन मिशन से सम्बन्धित बिन्दु के क्रम में अवगत कराना है कि जनपद मुरादाबाद के अन्तर्गत ग्रामीण पाइप पेयजल योजनाओं में वितरण प्रणाली बिछाने हेतु लगभग 3112 कि0मी0 रोड डिस्मेंटल की गयी थी, जिसके सापेक्ष वर्तमान तक 3046 कि0मी0 सड़क पुर्नस्थापना के कार्य कराये जा चुके है, शेष सड़क को मोटरेबल कर दिया गया है। वर्षा के कारण सैटल हुई सड़को को अग्रिम 15 दिवस में पुर्नस्थापित कर दिया जोयगा। |

भवदीय

अधिशासी अभियन्ता

पृ0सं0 एवं दिनांक उपरोक्तानुसार :–
प्रतिलिपि निम्नलिखित को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

1. मुख्य अभियन्ता महोदय (ग्रामीण), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
2. मुख्य अभियन्ता महोदय (मुरा0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मुरादाबाद को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
3. अधीक्षण अभियन्ता महोदय, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मुरादाबाद को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
4. मुख्य विकास अधिकारी महोदया, मुरादाबाद को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
5. जिला सूचना एवं जन सम्पर्क अधिकारी, मुरादाबाद को सूचनार्थ प्रेषित।
6. सम्बन्धित सहायक अभियन्ता/जूनियर इंजीनियर को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि अग्रिम आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।

अधिशासी अभियन्ता